दिन– शनिवार दिनांक– 07 / 10 / 2023

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में जी.एस.टी परिषद की बावनवीं बैठक होगी आयोजित।

02. बैंकों में दो हजार रूपये मूल्य के नोट बदलने की विस्तारित समय सीमा का आज आखिरी दिन। इसके बाद रिजर्व बैंक की शाखाओं में ही बदले जा सकेंगे नोट।

03. राज्य में डेंगू मरीजों की संख्या आठ हजार के पार। पिछले चौबीस घंटों के दौरान दो सौ अट्ठावन नये मरीजों की हुई पहचान।

04. और, एशियाई खेलों में भारत ने पदकों का ऐतिहासिक सैंकड़ा पूरा किया। भारतीय खिलाड़ियों ने आज तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य समेत पांच पदक जीते।

————————————————————————

केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन आज नई दिल्ली में वस्तु और सेवा कर–जी.एस.टी परिषद की बावनवीं बैठक की अध्यक्षता करेंगी। वित्त मंत्रालय के अनुसार, इस बैठक में केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के अलावा राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के वित्तमंत्री तथा केंद्र और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हो रहे हैं।

————————————————————————

बैंकों में दो हजार रूपये मूल्य के नोट बदलने की विस्तारित समय सीमा का आज आखिरी दिन है। भारतीय रिजर्व बैंक के गर्वनर शक्तिकांत दास ने बताया कि अब तक संतानवे प्रतिशत नोट बदले या जमा किये जा चुके हैं। इसका मूल्य तीन दशमलव चार तीन लाख करोड़ रूपये है। शेष लगभग साढ़े तीन प्रतिशत यानि बारह हजार करोड़ रुपये मूल्य के नोट अब भी प्रचलन में हैं। गौरतलब है कि दो हजार का नोट वैध मुद्रा होने के बावजूद, बैंक इन्हें कल से स्वीकार नहीं करेंगे। इसके बाद यदि कोई व्यक्ति दो हजार का नोट बदलना चाहता है तो वह एक मुश्त बीस हजार रुपये तक की राशि देशभर के रिजर्व बैंक के कार्यालयों से बदलवा सकता हैं।

————————————————————————

भारतीय रिजर्व बैंक ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को भुगतान अवसंरचना विकास कोष योजना के अन्तर्गत शामिल करने का प्रस्ताव किया है। रिजर्व बैंक ने कहा है कि इससे जमीनी स्तर पर डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा मिलेगा। रिजर्व बैंक ने भुगतान अवसंरचना विकास कोष योजना को दो साल की अवधि यानी इकतीस

दिसम्बर दो हजार पच्चीस तक बढ़ाने का भी प्रस्ताव किया है। इसका उद्देश्य भुगतान स्वीकार करने वाले उपकरणों को लगाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस वर्ष अगस्त तक योजना के अन्तर्गत दो करोड़, छिसासठ लाख से अधिक उपरकण लगाये गये हैं।

———————————————————————————

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि देश में अगले दो वर्षों में वामपंथी उग्रवाद का पूरी तरह सफाया हो जायेगा। श्री शाह ने कल नई दिल्ली में वामपंथी उग्रवाद पर एक बैठक की अध्यक्षता की। ग्रहमंत्री ने सभी तरह के वामपंथी उग्रवाद को जड़ से उखाड फेंकने का अह्वान करते हुए कहा कि नक्सलवाद मानवता के लिए अभिशाप है। बैठक में नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और अन्य संबंधित अधिकारी शामिल हुए। बिहार से संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी बैठक में शामिल हुये। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

वामपंथी उग्रवाद पर समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित सभी राज्यों के सहयोग से, 2022–2023 में बड़ी सफलताएं मिली हैं। उन्होंने अगले दो वर्ष में वामपंथी उग्रवाद का पूरी तरह से सफाया करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। श्री अमित शाह ने कहा कि 2019 से ऐसे क्षेत्रों में कमी आ रही है जहां उग्रवादी बचें हैं। केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल– सीएपीएफ के 195 नए शिविर लगाएं गए और 44 नये शिविर स्थापित किये जायेंगे। उन्होंने वामपंथी उग्रवाद से मुक्त हुए क्षेत्रों में यह समस्या वहां दोबारा उठ न सके इसके लिए निरंतर निगरानी बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार की कतई बर्दाशत न करने की नीति के परिणामस्वरूप 2022 में हिंसा और मौतों की संख्या पिछले चार दशकों में सबसे अधिक गिरावट दर्ज की गई। गृह मंत्री ने कहा कि वामपंथी उग्रवाद पर लगाम कसने के लिए प्रभावित राज्यों को उनकी वित्तीय सहायता रोकने के लिए नागरिक और पुलिस प्रशासन के संयुक्त दल बनाकर प्रयास करना होगा। समाचार कक्ष से चंद्रिका जोशी।

———————————————————————————

केंद्रीय सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बसों के ढाचें के निर्माण के लिए मानकों को मंजूरी दे दी है। ये मानक मूल उपकरण निर्माताओं और बस ढांचा बिल्डरों दोनों पर समान रूप से लागू होंगे। श्री गडकरी ने कहा कि यह कदम भारत में बसों की गुणवत्ता में और सुधार का मार्ग प्रशस्त करेगा। इसमें यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करने पर प्राथमिक ध्यान दिया जाएगा।

———————————————————————————

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने देश में इंटरनेट माध्यमों पर उपलब्ध बाल यौन शोषण सामग्री को हटाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स, यूट्यूब और टेलीग्राम को नोटिस जारी किया है। मंत्रालय ने तीन सोशल मीडिया मध्यस्थों को चेतावनी दी है कि नोटिस के अनुपालन में किसी भी तरह से देरी होने पर

आईटी अधिनियम की धारा उनासी के तहत उनकी सुरक्षा वापस ले ली जाएगी, जो उन्हें कानूनी दायित्व से बचाती है।

———————————————————————————

गेहूँ और चावल की कीमतों पर नियंत्रण के लिए भारतीय खाद्य निगम की ओर से खुली बिक्री योजना के माध्यम से उपलब्ध स्टॉक से बिक्री की जा रही है। इसके सोलहवें ई–नीलामी में बिहार के विभिन्न एफसीआई गोदामों के बाईस केंद्रों से तेरह हजार मीट्रिक टन गेहूँ तथा छब्बीस केन्द्रों से पैंतालीस हजार मीट्रिक टन चावल बिक्री के लिए निविदा आमंत्रित की गयी है। गेहूँ और चावल के खरीददार पात्रता के अनुसार इस नीलामी में भाग ले सकते हैं।

———————————————————————————

किशनगंज की रौशनी परवीन अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सोलह नवम्बर को स्विट्जरलैंड के जेनेवा में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। रौशनी पिछले छह वर्षों से बाल विवाह जैसी कुरीति की रोकथाम के लिए समाज को जागरूक करने का काम कर रही हैं।

———————————————————————————

चीन के हांगचोओ में जारी एशियाई खेलों में भारत ने सौ पदक प्राप्त करने के लक्ष्य को शानदार तरीके से हासिल कर लिया है। आज महिला कबड्डी के फाईनल में भारत ने चीनी ताईपे को हराकर देश के लिए एक सौवे पदक के रूप में स्वर्ण पदक जीता। एशियाई खेल की अन्य खबरों के साथ हैं हमारे संवाददाता निखिल कुमार।

———बाईट———

———————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून की गतिविधियां कमजोर पड़ गयी है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर हिस्सों में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी की सम्भावना है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकतर स्थानों पर तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। इस अवधि में सीतामढ़ी का पुपरी प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापामन पैंतीस डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, भोजपुर और वैशाली का अधिकतम तापमान चौंतीस दशमलव आठ तथा राजधानी पटना का तापमान चौंतीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इधर, मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी भागों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है।

———————————————————————————

नेपाल के तराई क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश के कारण गंडक, बूढ़ी गंडक, कोसी, गंगा, पुनपुन और सोन नदी के जलस्तर में कई स्थानों पर बढ़ोतरी देखी जा रही है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुनपुन नदी का जलस्तर पटना के श्रीपालपुर में खतरे के निशान को पार कर गया है। नदी खतरे के निशान से इकसठ सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। वहीं, गंडक नदी का जलस्तर मुजफ्फरपुर के रेवाघाट में चेतावनी के स्तर को पार कर गया है। बागमती नदी सीतामढ़ी के ढेंगब्रीज में खतरे के निशान से बीस सेंटीमीटर नीचे बह रही है। वहीं, हमारे संवाददाता ने बताया है कि शिवहर जिले में बागमती नदी के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है।

———बाईट———

बागमती नदी के जलस्तर में अचानक वृद्धि से बेलवा घाट में शिवहर—मोतिहारी पथ पर बाढ़ का पानी फैल गया। इससे शिवहर—मोतिहारी का सीधा सड़क सम्पर्क भंग हो गया। इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन भी बाधित है। पथ पर पानी के बहाव होने ढाका—मोतिहारी पर आवागमन लंबी दूरी तय कर अन्य मार्ग से होने लगा है। नदी के जलस्तर में वृद्धि होने के साथ ही बेलवा घाट स्थित कच्ची सड़क पर भी बाढ का पानी फैल गया है। इधर, नदी के जलग्रहण क्षेत्रों में बारिश होने से डुब्बा धार में इसका जलस्तर खतरे के निशान से मात्र अठारह सेंटीमीटर नीचे रह गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए शिवहर से हरिकांत सिंह।

इधर, बारिश में कमी आने के चलते कैमूर जिले से गुजरने वाली पहाड़ी नदियों के जलस्तर में गिरावट आने से बाढ़ की स्थिति में सुधार हुआ है।

———————————————————————————

राज्य में डेंगू का प्रकोप जारी है। डेंगू मरीजों की संख्या आठ हजार के आंकड़ें को पार कर गयी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के दो सौ अट्ठावन नये मरीजों की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना में सबसे अधिक एक सौ अड़सठ नए मामले सामने आये हैं। दिल्ली के वरिष्ठ चिकित्सक **डॉक्टर नवीत विग** ने बताया कि यदि किसी में डेंगू के लक्षण मिलते हैं तो उसे तत्काल चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिये।

———बाईट———

———————————————————————————

पटना के गर्दनीबाग इलाके के तीन लोगों की अचानक मौत के मामले में विशेष जांच दल ने रिपोर्ट सौंप दी है। रिपोर्ट के अनुसार सासाराम स्थित गुप्ताधाम से लौटने के बाद दस लोग बीमार हुये थे। मृतकों में से एक की मौत का कारण डेंगू शॉक सिंड्रोम को बताया गया है। अन्य दो की मौत हृदय संबंधी बीमारियों की वजह से हुई है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की प्रमुख खबर है– पीरपैंती में सोलह सौ मेगावाट का नया बिजली घर बनेगे।

दैनिक भास्कर जाति गणना पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पर लिखता है– जाति गणना के आंकड़े पर रोक से इंकार, सरकार को नोटिस जारी।

प्रभात खबर की सुर्खी है– जेल में बंद नर्गीस को नोबल शांति पुरस्कार।

आज अखबार की बड़ी खबर है– जातीय जनगणना की मांग के बीच मोदी सरकार का बड़ा दांव। अस्थाई सरकारी नौकरियों में एससी और ओबीसी को मिलेगा आरक्षण।

राष्ट्रीय सहारा की सुर्खी है– दो हफ्ते बाद डिजिटल सुनवाई से मना नहीं कर सकेंगे हाई कोर्ट।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर.............

01. केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में जी.एस.टी परिषद की बावनवीं बैठक होगी आयोजित।

02. बैंकों में दो हजार रूपये मूल्य के नोट बदलने की विस्तारित समय सीमा का आज आखिरी दिन। इसके बाद रिजर्व बैंक की शाखाओं में ही बदले जा सकेंगे नोट।

03. राज्य में डेंगू मरीजों की संख्या आठ हजार के पार। पिछले चौबीस घंटों के दौरान दो सौ अट्ठावन नये मरीजों की हुई पहचान।

04. और, एशियाई खेलों में भारत ने पदकों का ऐतिहासिक सैंकड़ा पूरा किया। भारतीय खिलाड़ियों ने आज तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य समेत पांच पदक जीते।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।